पेज थ्री देहरादून

देहरादून बृहस्पतिवार 4 जून 2020 पेज 8

# हमारा दून

देहरादून रेलवे स्टेशन पर पहुंची काठगोदाम एक्सप्रेस।



## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना संक्रमितों के उपचार को नहीं है पर्याप्त साधन: धस्माना

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने प्रदेश सरकार को सुझाव देते हुए कहा है कि राज्य में जिस प्रकार से कोरोना पॉजिटिवों की संख्या लगातार बढ़ रही है उसे ध्यान में रखते हुए लॉकडाउन का समय पूर्व की भांति सुबह सात बजे से सांय चार बजे तक किया जाना चाहिए और इसके लिए जनता व व्यापारी पूर्ण रूप से सहयोग देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार इस पर जल्द विचार करें। उन्होंने कहा कि अभी किसी भी दशा में स्कूलों को न खोला जाये क्योंकि बच्चों में यह महामारी जल्दी फैलने की संभावना रहती है।

### मेयर एवं विधायक ने किया सीवर कार्य का उद्घाटन

**संवाददाता** देहरादून। मेयर सुनील उनियाल गामा एवं विधायक राजपुर खजान दास ने स्थानीय कावली रोड पर बुधवार को से आरंभ होने वाले सीवर कार्य का नारियल फोड़कर आरंभ किया। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत द्वारा राजपुर विधानसभा में सीवर लाइन हेतु जारी किए गए रुपए 1,73,00,000 के अंतर्गत यहां लगभग 350 मीटर सीवर लाइन हेतु 18 लाख 40 हजार रुपए का एस्टीमेट कार्यदाई संस्था जल संस्थान द्वारा बनाया गया है। लॉक डाउन के दौरान इन सभी योजनाओं का पेपर वर्क पूरा कर लिया गया है अब समय इन्हें धरातल पर उतारने का है।

### नदी रिस्पना से तत्काल निरस्त किया जाये खनन का ठेका: राजकुमार

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक राजकुमार ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर समस्याओं के समाधान की मांग की है। उन्होंने कहा कि रिस्पना नदी पर खनन का जो ठेका दिया गया है उसे तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाये। उन्होंने कहा कि सेवा में, नदी रिस्पना में बजरी, पत्थर तथा बजरी छन्ने का ठेका दिया गया है और यह ठेका दिया जाना पूरी तरह से अनुचित है। इस ठेके को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाना चाहिए।

### गिरफ्तार किये गये छात्रों की रिहाई के लिए धरना

**संवाददाता** देहरादून। पीपुल्स फोरम उत्तराखंड के संयोजक जयकृत कंडवाल का श्रम कानून से छेड़छाड़ व उप्पा कानून के दुरुपयोग के तहत सामाजिक कार्यकर्ताओं व छात्रों की गिरफ्तारी के विरोध में धरना दिया। यहां सरस्वती विहार अजबपुर खुर्द स्थित अपने आवास पर फोरम के संयोजक जयकृत कंडवाल का केन्द्र व भाजपा शासित राज्यों की सरकारों के खिलाफ धरना व प्रदर्शन जारी रहा।

# चारधाम यात्रा पर परिस्थिति के अनुरूप लिया जाएगा निर्णय

**कोरोना कहर**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने स्काईप पर मीडिया से बात की

दो बजे तक कुल आंकड़ा पहुंचा 999



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा है कि मोदी 2.0 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने बड़े ऐतिहासिक फैसले लिए। देश के रक्षा क्षेत्र को मजबूत किया। धारा 370 और 35 ए को खत्म कर नया इतिहास लिखा। तत्काल तीन तलाक को खत्म कर मुस्लिम बहनों को बड़ी राहत दी। नागरिकता संशोधन कानून को मंजूरी दी गई। राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया गया। कारपोरेट टैक्स और आयकर में रियायत दी गईं। सामाजिक सुरक्षा के दायरे को बढ़ाते हुए छोटे दुकानदारों के लिए पेंशन योजना की शुरूआत की गई। हर घर जल हर घर नल योजना पर टाईमबाउंड तरीके से काम चल रहा है। एक देश एक राशन कार्ड योजना लागू की गई है।

स्काईप के माध्यम से मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा है कि प्रधानमंत्री द्वारा सही समय पर लिए गए सही निर्णय से भारत में कोरोना वायरस से उतना नुकसान नहीं हुआ जैसी कि सम्भावना जताई जा रही थी। लॉकडाउन से संक्रमण की दर को नियंत्रित किया गया। बेहतर व्यवस्था से कोरोना संक्रमण मामलों में मृत्यु दर भारत में 2.9 प्रतिशत रही जबकि वैश्विक मृत्यु दर इससे कहीं अधिक है। अस्पतालों में पीपीई किट, टैस्टिंग किट, आईसीयू, वेंटिलेटर आदि की पर्याप्त व्यवस्था कर ली गई है।

भारत सरकार ने 8 जून से धार्मिक स्थलों को खोलने की अनुमति दी है। चारधाम यात्रा को सीमित, नियंत्रित और सुरक्षित रूप से शुरू करने पर विचार किया जाएगा। परिस्थितियों के अनुरूप इसे लेकर निर्णय लिया जाएगा। पर्यटन से जुड़े लोगो को राहत देने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दोबारा गति देने के लिए बहुत सी आर्थिक गतिविधियों को शुरू किया गया है। रजिस्ट्री, स्टाम्प आदि से सरकार को राजस्व मिलने लगा है। युवाओं और प्रदेश में लौटे लोगों के लिए मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना प्रारम्भ की गई है। और भी बहुत सी योजनाओं पर काम किया जा रहा है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। औद्योगिक इकाईयों को संचालन की अनुमति दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अभी तक लगभग 2 लाख के करीब लोग वापस लौटे हैं। इनका विवरण तैयार किया जा रहा है। प्रदेश में केंद्र सरकार की गाईडलाईन के अनुसार आने वालों की स्क्रिनिंग, टेस्टिंग और क्वारेंटाईन की व्यवस्था की जा रही है। राज्य में कोराना संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं, परंतु हमारी पूरी तैयारी है।

### मोदी 2.0 के पहले साल लिए गए ऐतिहासिक निर्णय

प्रधानमंत्री ने 20 लाख करोड़ रूपए का पैकेज प्रदान किया जिससे आत्मनिर्भर भारत का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। इस पैकेज द्वारा मजदूरों, किसानों और गांवों को मजबूती मिलेगी। इसमें एमएसएमई सेक्टर को भी बूस्ट करने के लिए बहुत से महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। इसका फायदा राज्य के एमएसएमई क्षेत्र को भी मिलेगा। मनरेगा के लिए 40 हजार करोड़ रूपए का अतिरिक्त आंवटन करने से गांवों में रोजगार के अवसर बड़ी संख्या में उपलब्ध होंगे। इससे विशेष तौर अपने गांव लौटे प्रवासी श्रमिकों को काम मिलेगा।

कर्मचारियों को राहत देते हुए अब अगले तीन माह तक पीएफ में अंशदान का भुगतान सरकार करेगी जिसपर 2500 करोड़ का खर्च आएगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में सार्वजनिक व्यय को बढ़ाने से स्वास्थ्यगत ढांचा मजबूत होगा। हेल्थ एवं वेलनेस सेंटरों में सुविधाएं बढ़ेंगी। जिला और ब्लॉक स्तर पर संक्रामक रोग अस्पताल और पब्लिक हेल्थ लैब की स्थापना से हेल्थ सिस्टम का गांवों तक विस्तार होगा। राज्यों के लिए उधार की सीमा को जीएसडीपी के 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 5 प्रतिशत किया गया है। इससे राज्यों को वित्तीय संसाधन जुटाने में मदद मिलेगी। केंद्र सरकार ने किसानों के हित में 14 फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी की है। किसानों के उत्पादों की मार्केटिंग के लिए व्यवस्था की गई है।

# एक वक्त पर था सुकून, अब बढ़ने लगी चिंता

**चिंता**

■ उत्तराखंड में 797 एक्टिव केस, कोरोना पॉजिटिव मरीज समेत दो की मौत

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखंड में कोरोना संक्रमण का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। बुधवार को दो बजे की हेल्थ बुलेटिन के अनुसार कोरोना संक्रमण के 23 नए मामले सामने आए हैं, जिसके बाद प्रदेशभर में संक्रमित मरीजों का आंकड़ा 1066 हो गया है, 797 एक्टिव केस हैं। इस बीच एक कोरोना संक्रमित और क्वारंटाइन में रह रहे शख्स की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मैक्स अस्पताल में भर्ती कोरोना पॉजिटिव मरीज की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है। वहीं, पौड़ी जिले के थलीसैंण ब्लॉक स्थित एक क्वारंटाइन सेंटर में महिला की मौत हो गई। महिला कुछ समय पहले परिवार के साथ दिल्ली लौटी थी। इससे पहले मंगलवार को चंपावत जिले में लोहाघाट ब्लॉक के डेंसली गांव निवासी कोरोना संक्रमित एक व्यक्ति की मंगलवार को उपचार के दौरान मौत हो गई है। कोरोना से ये सातवीं मौत है।

**कोरोना पहजिटिव मिलने के बाद गांव सील:** रुड़की भगवानपुर तहसील क्षेत्र के मोहित पुर गांव में एक युवक के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद से गांव की 8 गलियों को सील कर दिया गया है। युवक को देर रात गांव से ले जाकर मेला अस्पताल भर्ती कर दिया गया था। युवक 18 मई को हैदराबाद से लौटा था और तब से ही वह होम क्वारंटाइन में था।

दून में कोरोना का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। अभी तक प्रदेश में आए मामलों में 27 फीसदी अकेले जनपद देहरादून के हैं। एक वक्त पर जहां देहरादून हर अंतराल बाद स्वस्थ होते मरीजों के कारण सुकून में था, मरीजों की दिनोंदिन बढ़ती संख्या के कारण अब रिकवरी रेट में भी तेजी से गिरावट आई है। यही नहीं कंटेनमेंट जोन की संख्या जहां शून्य हो चुकी थी। अब इनकी संख्या फिर 19 पहुंच गई है। स्थिति यह कि वर्तमान स्थिति में देहरादून सर्वाधिक प्रभावित जिला है।

**प्रदेश में 13900 आइसोलेशन बेड**

मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में लगातार सुधार किया जा रहा है। प्रदेश में आइसोलेशन बैड की संख्या 10 हजार से बढ़ाकर 13900 की गई है। प्रदेश में 4000 संपर्कों को खोजा गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में डबलिंग रेट में लगातार सुधार हो रहा है। सैंपल पॉजिटिव होने की दर राष्ट्रीय औसत से कम है।

### किसी के माथे पर नहीं लिखा होता है कि उसे कोरोना है

**संवाददाता** देहरादून। सतपाल महाराज के कोरोना पॉजिटिव जाने के बाद से विपक्ष ने सियासी हमले तेज कर दिए हैं। महराज का बचाव करने के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि किसी के माथे पर नहीं लिखा होता कि उसे कोरोना है। सतपाल महाराज जी से कोई मिलने पहुंचा तो इसमें उनकी क्या गलती है। उन्हें थोड़ी पता था कि संबंधित व्यक्ति संक्रमित है। गलती तो तब मानी जाती है जब किसी को कोरोना के संक्रमण की जानकारी हो और उसके बाद वह लोगों से मिले। ऐसी स्थिति में कार्रवाई भी की जानी चाहिए।

भगत ने कहा कि अगर मेरे अगल–बगल भी कोई कोरोना पॉजिटिव है तो मुझे कैसे पता चलेगा, क्योंकि किसी के माथे पर तो लिखा नहीं होता। लिहाजा विपक्ष अनर्गल बयानबाजी करने से बचे। बुधवार को कुमाऊं संभाग कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए भगत ने कहा कि मोदी सरकार बेहतर काम कर रही है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।